Regarding need to provide financial assistance for construction of roads and bridges in Purnia District, Bihar- laid

श्री राजेश रंजन (पूर्णिया) : कोशी-सीमांचल क्षेत्र पूर्णिया बिहार में सप्त कोशी नदी एवं सहायक नदियों में प्रत्येक वर्ष आयी बाढ़ से भारी तबाही होती है , जिससे जान माल सहित पूर्णिया जिले का अधिकांश ग्रामीण क्षेत्र जलमग्न हो जाता है । ग्रामीण क्षेत्र की सड़कें बाढ़ से क्षतिग्रस्त हो जाती हैं, जिसके कारण आम जन जीवन को आवागमन में भारी कठिनाई होती है । अत: मैं सरकार से माँग करता हूँ पूर्णिया जिला को कम से कम एक हजार करोड़ रूपए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधीन दे ताकि जिले में इस योजना से घर क्षतिपूर्ति, कंक्रीट सड़को, पुल-पुलिया का निर्माण हो सके ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति : आप लोग प्लीज़ बैठ जाइए । शून्य काल आ रहा है, पहले मंत्री जी को सुन लीजिए ।

? (व्यवधान)

संसदीय कार्य मंत्री; तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्री (श्री किरेन रिजिजू): सभापति महोदय, यह पूरे देश ने देखा है कि कांग्रेस पार्टी ने किस तरह से सदन और पूरे देश को अपनी हरकतों से शर्मसार किया है । ? (व्यवधान)

_

_

<u>12. 15 hours</u>

At this stage, Dr.Mallu Ravi, Shri Benny Behanan and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

सर, यहां जितने मैम्बर्स ऑफ पार्लियामेंट हैं, सब अपने-अपने क्षेत्र से आते हैं और अपनी बात को संसद में रखना चाहते हैं / लेकिन, कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस नेतृत्व जॉर्ज

सोरोस के साथ तालमेल करके देश के खिलाफ काम करती है ।? (व्यवधान) और फिर रंग-बिरंगे कपड़े पहनकर के यहां तरह-तरह के आपत्तिजनक नारे लगाते हैं । ? (व्यवधान) सर, इन्होंने सदन की गरिमा को चोट पहुंचायी है । ? (व्यवधान) हमारे पूरे देश से चुने हुए प्रतिनिधि अपनी बात को सदन में रखना चाहते हैं । ? (व्यवधान) लेकिन कांग्रेस के नेतृत्व की मनमानी के कारण, ये लोग हर बार संसद के नियमों को ताक पर रखकर, जैकेट पहनकर, नारा लगाकर, फिल्म और वीडियो बनाने का नाटक हर बार ये लोग करते रहते हैं । ? (व्यवधान)

माननीय सभापति : आप लोग बैठ जाइए । सब लोग बैठ जाइए । सदन को चलाने के लिए, सदन को ऑर्डर में आने दीजिए ।

? (व्यवधान)

श्री किरेन रिजिजू : सर, मेरी इस पर आपत्ति है । ? (व्यवधान) मैं कांग्रेस पार्टी से यह मांग करता हूं कि आपके शर्मनाक व्यवहार की वजह से सदन की गरिमा को जो ठेस पहुंची है, उसके लिए आप लोगों को माफी मांगनी चाहिए । ? (व्यवधान) जॉर्ज सोरोस और कांग्रेस के नेतृत्व के बीच में क्या रिश्ता है? ? (व्यवधान) देश विरोधी ताकतों के साथ आपका क्या संबंध है? ? (व्यवधान) इस बारे में आपको सदन में माफी मांगनी चाहिए ।? (व्यवधान) मैं आपका खंडन करना चाहता हूं । ? (व्यवधान)

माननीय सभापति : रिजिजू जी, प्लीज़ आप बैठ जाइए ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति : आप सब लोगों से भी विनम्रतापूर्वक निवेदन है कि आप अपनी चेयर पर जाइए और सदन को चलाने में मदद कीजिए ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति : आपके कारण सदन नहीं चल रहा है, ऐसा मैसेज नहीं जाना चाहिए । आप लोग प्लीज अपनी-अपनी सीट पर जाइए ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति : आप लोग प्लीज़ अपनी-अपनी चेयर पर जाइए ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति : आप लोग भी बैठ जाइए, प्लीज़ ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति : आप लोग सदन नहीं चलाना चाहते हैं ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति : सभा की कार्यवाही बुधवार, दिनांक 11 दिसम्बर, 2024 को प्रात: ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित की जाती है ।

12.17 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

on Wednesday, December 11, 2024/ Agrahayana 20, 1946 (Saka)

---

* Published in the Gazette of India Extraordinary, Part II,Section 2, dated 10.12.2024.

* Introduced with the recommendation of the President.

* Treated as laid on the Table.